# वेबलाइन से हुआ कविता पाठ

मधुबनी। साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा वेबलाइन साहित्य शृंखला के तहत कविता पाठ के कार्यक्रम में समकालीन मैथिली कविता के प्रमुख हस्ताक्षर दिलीप कुमार झा को कविता पाठ के लिए आमंत्रित किया गया। श्री झा की दो कविता संग्रह प्रकाशित है। उनके चर्चित संग्रह ह्यबनिजारक देसमेह्न पुस्तक पर कई पुरस्कार भी प्राप्त है। उन्होंने कई कविताओं का पाठ किया । ह्यमंजूरह्न और ह्यआममहुह्न कविता को लोगों ने काफी सराहना की।आममहु शीर्षक कविता गांव से हो रहे पलायन और संस्कृति के क्षरण को बचाने के प्रयास को दिखाया गया है।